हरिभूमि

# सिरसा-फतेहाबाद भूमि

रोहतक, शनिवार 20 जून 2026

14 योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि जीवन जीने की...



13 रामपुर माइनर में मिट्टी और खरपतवार से बाधित जल...



## खबर संक्षेप

### फणीन्द्रनाथ ने ली मंडल पदाधिकारियों की बैठक

**फतेहाबाद।** भाजपा के प्रदेश संगठन मंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा ने जिले की तीनों विधानसभाओं के मंडलों की समीक्षा बैठकें लीं। बैठकों की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष एडवोकेट प्रवीन जोड़ा ने की, जबकि पूर्व विधायक दुड़ाराम विशेष रूप से मौजूद रहे। फणीन्द्रनाथ शर्मा ने कहा कि सभी पदाधिकारी बूथ स्तर तक सक्रिय रहें और जनकल्याणकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुँचाएं। उन्होंने अनुशासन और राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखकर जनता के बीच निरंतर संपर्क बनाए रखने पर जोर दिया।

### दुकान की छत से गिरकर दुकानदार की मौत

**रतिया।** शहर के बस स्टैंड के पास एक दुकान की छत से गिरकर 46 वर्षीय दुकानदार भजन कंबोज की मृत्यु हो गई। मिली जानकारी के अनुसार, चंदो खुर्द निवासी भजन कंबोज रतिया में 99 नामक जरनल स्टोर चलाते थे। गुरुवार की शाम वह किसी काम से दुकान की छत पर गए, तभी उनका संतुलन बिगड़ गया और वे नीचे गिर गए। हादसे के तुरंत बाद उन्हें गंभीर हालत में रतिया के नागरिक अस्पताल ले जाया गया। अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतक की पत्नी के बयान के आधार पर इत्तफाकिया कार्रवाई की।

### भीम आर्मी के पूर्व जिला उपाध्यक्ष की दर्दनाक मौत



**फतेहाबाद।** जिले के टोहाना क्षेत्र के गांव अमानी में रेलवे फाटक के पास एक बार फिर तेज रफ्तार का जानलेवा रूप देखने को मिला। शुक्रवार को दवा लेकर घर लौट रहे दो दोस्तों की मोटरसाइकिल अचानक अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस भीषण हादसे में बाइक के पीछे बैठे भीम आर्मी के पूर्व जिला उपाध्यक्ष 34 वर्षीय कुलविंदर सिंह की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनका दोस्त गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, गांव बोस्ती निवासी कुलविंदर सिंह भीम आर्मी फतेहाबाद के पूर्व जिला उपाध्यक्ष थे। वह अपने दोस्त पवन कुमार निवासी डुल्ट के साथ मोटरसाइकिल पर सवार होकर टोहाना दवाई लेने आए थे। काम निपटाकर जब दोनों वापस गांव बोस्ती की तरफ जा रहे थे, तो अमानी रेलवे फाटक के पास अचानक बाइक का संतुलन बिगड़ गया और वह सडक़ पर ही दूर तक घिसटती चली गई। चश्मदीदों के मुताबिक हादसा इतना जबरदस्त था कि बाइक से गिरते ही कुलविंदर सिंह को संभलने का मौका नहीं मिला और उन्होंने मौके पर ही दम तोड़ दिया। वहीं बाइक चला रहा पवन कुमार गंभीर रूप से जख्मी हो गया, जिसे राहगीरों की मदद से तुरंत एक निजी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है।

## 'योग युक्त-नशा मुक्त हरियाणा' के संकल्प को साकार करने का आह्वान

# योग सनातन संस्कृति का उपहार, ऋषियों ने मानव कल्याण के लिए दिया : नायब सैनी

हरिभूमि न्यूज ⏭सिरसा

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि योग भारत की सनातन संस्कृति का वह अमूल्य उपहार है, जिसे हमारे ऋषि-मुनियों ने संपूर्ण मानवता के कल्याण के लिए दिया है। हजारों वर्ष पूर्व प्रारंभ हुई योग की यात्रा आज वैश्विक स्वरूप धारण कर चुकी है। योग केवल शारीरिक अभ्यास नहीं, बल्कि शरीर, मन, आत्मा और समाज को जोडऩे वाली एक संपूर्ण जीवन पद्धति है। मुख्यमंत्री शुक्रवार को सिरसा डेरा बाबा भूमणशाह में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित योग अभ्यास कार्यक्रम में संबोधित कर रहे थे।मुख्यमंत्री ने कहा कि आगामी 21 जून को पूरा विश्व अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाने जा रहा है। इसी क्रम में हरियाणा के विभिन्न जिलों में योग अभ्यास कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से आज योग अंतरराष्ट्रीय स्वरूप ले चुका है। प्रधानमंत्री के अथक प्रयासों के परिणामस्वरूप वर्ष 2014 में संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस घोषित किया। उस समय 177 देशों ने इस प्रस्ताव का समर्थन किया था और आज विश्व का लगभग हर देश योग से जुड़ चुका है।

**योग शरीर, मन, आत्मा व समाज को जोड़ने वाली जीवन पद्धति**



**सिरसा।** डेरा बाबा भूमणशाह में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में योग अभ्यास करते मुख्यमंत्री। *फोटो : हरिभूमि*

### भूमणशाह ने सभी को सम्मान का दिया संदेश

मुख्यमंत्री ने बाबा भूमणशाह महाराज को महान समाज सुधारक एवं लोककल्याणकारी संत बताते हुए कहा कि उन्होंने भूखे को अन्न, भटके को राह और समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को सम्मान देने का संदेश दिया। बाबा जी ने मानवता, प्रेम, सदाचार, सेवा और अच्छे आचरण को जीवन का आधार बनाया। उनके उपदेशों में नशे के विरुद्ध लगातार चेतना का संदेश मिलता है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गद्दीनशीन बाबा ब्रह्मदास महाराज ने कहा कि जीवन में निरंतर योग करना चाहिए। नियमित योग करने से व्यक्ति निरोग रहता है, मन शांत रहता है तथा अध्यात्म का मार्ग प्रशस्त होता है। इस अवसर पर पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल, भाजपा जिलाध्यक्ष सिरसा यतिंन्द्र सिंह एडवोकेट, भाजपा जिलाध्यक्ष डबवाली रेणू शर्मा, जिला प्रभारी वेद फूला, चेयरमैन रोहताश जांगड़ा, चेयरमैन ओमप्रकाश, चेयरमैन देव कुमार शर्मा, नगर परिषद के चेयरमैन शांति स्वरूप आदि मौजूद रहे।



**सिरसा।** बाबा ब्रह्मदास महाराज तथा उपस्थित लोगों को संबोधित करते मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी। *फोटो : हरिभूमि*

### योग को पूरी दुनिया में मिल रहा सम्मान

उन्होंने कहा कि न्यूयॉर्क के टाइम्स स्क्वायर से लेकर पेरिस के एफिल टावर तथा टोक्यो से टोरंटो तक योग के माध्यम से भारत की आध्यात्मिक विरासत को सम्मान मिल रहा है। यह भारत की वह शक्ति है, जो तलवार से नहीं बल्कि तपस्या और संस्कृति के बल पर स्थापित हुई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से योगासन को खेल का दर्जा मिला तथा 'खेलो इंडिया यूथ गेम्स' में भी योगासन को शामिल किया गया। प्रधानमंत्री द्वारा दिए गए संदेश 'खेलेगा भारत तो खिलेगा भारत' और 'योग की डोज, आधा घंटा रोज' आज जन-जन के लिए प्रेरणा स्रोत बने हुए हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार 6500 गांवों में व्यायामशालाएं स्थापित करने के लिए प्रतिबद्ध है, जिनमें से 889 का निर्माण पूरा हो चुका है। 859 आयुष योग सहायकों की नियुक्ति की जा चुकी है। प्रदेश के 397 आयुष औषधालयों तथा 109 उप-स्वास्थ्य केंद्रों को आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में अपग्रेड किया गया है तथा इनमें 156 योग प्रशिक्षकों की नियुक्ति की गई है।



**फतेहाबाद।** मिड डे मील वर्कर्स को संबोधित करते जिला प्रधान गगनदीप कौर।

# लंबित मांगों पर मिड-डे मील वर्कर्स ने किया रोष प्रदर्शन

- मुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री का पुतला फूंका

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

अपनी लंबित मांगों को लेकर मिड-डे मील वर्कर्स का गुस्सा फूट पड़ा। जिलेभर से आई सैंकड़ों मिड-डे मील वर्कर्स अनाज मंडी में एकत्रित हुई और सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। शहर के मुख्य बाजारों से होता हुआ यह प्रदर्शन जवाहर चौक पहुंचा, जहां आक्रोशित वर्करों ने मुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री का पुतला फूंका। प्रदर्शन के बाद वर्कर्स ने डीसी के माध्यम से सीएम औश्र शिक्षा मंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंपा। इस प्रदर्शन की अध्यक्षता मिड-डे मील वर्कर्स यूनियन की जिला प्रधान गगनदीप कौर ने की और संचालन उपप्रधान मदन सिंह ने किया। प्रदर्शनकारी वर्करों को संबोधित करते हुए गगनदीप कौर ने कहा कि मई 2022 में वर्कर्स के लिए महज 7 हजार रुपये मानदेय तय किया गया था। उसके बाद से महंगाई आसमान छू रही है, लेकिन मानदेय में एक रुपये की भी बढ़ोतरी नहीं की गई। जिस समय यह मानदेय तय हुआ था, तब हरियाणा सरकार का न्यूनतम वेतन करीब 9 हजार रुपये था, जो अब बढक़र 15,220 रुपये हो चुका है। ऐसे में देश की भावी पीढ़ी के लिए भोजन तैयार करने वाली वर्करों के परिवार भुखमरी के कगार पर पहुंच गए हैं। यूनियन ने मांग की है कि मिड-डे मील वर्कर्स को 26 हजार रुपये न्यूनतम वेतन दिया जाए और मानदेय साल के 10 महीनों के बजाय पूरे 12 महीने मिले। इसके साथ ही सभी वर्कर्स को रिटायरमेंट लाभ की गारंटी देने, स्कूलों को मर्ज करने की प्रक्रिया तुरंत रोकने, हटाई गई वर्कर्स को बहाल करने और नई शिक्षा नीति को वापस लेने की मांग भी उठाई गई।

### ये रहे उपस्थित

वर्कर्स ने ऐलान किया कि आगामी 4 अगस्त को मुख्यमंत्री के गृह नगर कुरुक्षेत्र में प्रदेशभर की वर्कर्स हड़ताल कर सीएम आवास का घेराव करेंगी और वहीं अनिश्चितकालीन पड़ाव डालेंगी। इस अवसर पर ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन के जिला प्रधान सुनील कुमार, सीटू नेता बेगराज, सर्व कर्मचारी संघ से राजपाल मिताथल, मिड-डे मील वर्कर्स यूनियन से भागी भट्टू, किरणपाल रतिया, अनिता टोहाना सहित भारी संख्या में मिड-डे मील वर्कर्स मौजूद रहीं।

# चिन्ना हत्याकांड में 10वां आरोपी दबोचा

- अपहरण कर की थी बेरहमी से पिटाई, इलाज के दौरान हुई थी मौत; मामले की जांच डीएसपी स्तर पर जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭भूना

सचिन उर्फ चिन्ना के अपहरण, मारपीट और हत्या के चर्चित मामले में भूना पुलिस को एक और सफलता मिली है। पुलिस ने मामले में शामिल हिसार रोड निवासी जगजीत उर्फ जज को गिरफ्तार कर लिया है। इसके साथ ही इस हत्याकांड में गिरफ्तार आरोपियों की संख्या बढक़र 10 हो गई है। थाना भूना प्रभारी निरीक्षक विजेंद्र हुड्डा ने बताया कि कृष्ण कुमार की शिकायत पर 3 जून को मामला दर्ज किया गया था। शिकायत के अनुसार उसका भतीजा सचिन उर्फ चिन्ना अपने दोस्तों के साथ मोटरसाइकिल पर घर लौट रहा था। इसी दौरान कई मोटरसाइकिलों पर सवार युवकों ने उसे जबरन अपने साथ ले जाकर मारपीट की। घायल सचिन को पहले नागरिक अस्पताल भूना ले जाया गया, जहां से हालत गंभीर होने पर हिसार रेफर कर दिया गया। लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई।



**भूना।** चिन्ना हत्याकांड में गिरफ्तार जगजीत उर्फ जज। *फोटो : हरिभूमि*

### ठेकेदार पंकज खुराना हत्याकांड में भी आरोपी रह चुका है जगजीत

पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार जगजीत उर्फ जज के खिलाफ हत्या, हत्या के प्रयास और मारपीट सहित छह आपराधिक मामले दर्ज हैं। वह खासा पठाना के शराब ठेकेदार पंकज खुराना हत्याकांड में भी आरोपी रह चुका है और कुछ माह पहले ही जमानत पर जेल से बाहर आया था। सचिन हत्याकांड में हत्या की धाराओं के साथ एससी/एसटी एक्ट भी जोड़ा गया है, जिसके चलते मामले की जांच डीएसपी नर सिंह बिश्नोई के नेतृत्व में की जा रही है।

# यूरिया खाद की कालाबाजारी का पर्दाफाश

- 500 गट्टों से भरा ट्रक पकड़ा, विभाग जांच में जुटा

हरिभूमि न्यूज ⏭सिरसा

किसान संगठनों ने यूरिया खाद की कालाबाजारी का पर्दाफाश किया है। किसानों के अनुसार यह खाद अवैध रूप से टेक्निकल ग्रेड यूरिया के रूप में विभिन्न राज्यों की फैक्ट्रियों में सप्लाई की जा रही थी। सूचना मिलने पर किसान मौके पर पहुंचे और कृषि विभाग की मदद से खाद से भरे ट्रक को पकड़ लिया। भारतीय किसान एकता के प्रधान लखविंद्र सिंह ने बताया कि उन्हें जानकारी मिली कि पंचकूला स्थित अर्पित इंटरप्राइजेज के नाम से संचालित फर्म का संचालक नरेंद्र कुमार किसानों के हिस्से की यूरिया खाद को टेक्निकल ग्रेड यूरिया बताकर देश के कई राज्यों की फैक्ट्रियों में भेजने का अवैध कारोबार कर रहा है। सूचना की पुष्टि करने के लिए सिरसा कृषि विभाग के उप कृषि निदेशक सुखदेव सिंह के साथ स्टिंग ऑपरेशन चलाया। किसानों ने फर्जी ग्राहक बनकर नरेंद्र कुमार से 500 गट्टे यूरिया खाद का सौदा किया तथा उसके खाते में 20 हजार रुपये अग्रिम राशि जमा करवाई गई। इसके बाद आरोपी ने टेक्निकल ग्रेड यूरिया लिखे गट्टों में भरी हुई खाद को ट्रक में लोड करते हुए वीडियो भेजी तथा शेष भुगतान की मांग की। किसानों ने ट्रक को रोककर चालक से पूछताछ की गई। लखविंदर सिंह ने बताया कि पकड़े गए ट्रक से 500 गट्टे टेक्निकल ग्रेड यूरिया बरामद हुई है, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 9.44 लाख रुपये है।



**सिरसा।** कृषि विभाग द्वारा पकड़ा गया यूरिया खाद से भरा ट्रक। *फोटो : हरिभूमि*

### कार्रवाई की मांग

इस मामले में आरोपियों के थाना डिंग में एफआईआर दर्ज की गई है। किसानों ने हरियाणा सरकार और कृषि विभाग से मांग की कि किसानों के हिस्से की खाद की कालाबाजारी में शामिल पूरे नेटवर्क की गहन जांच कर आरोपियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। उल्लेखनीय है कुछ दिन पहले किसानों ने कृषि ग्रेड यूरिया को टेक्निकल ग्रेड यूरिया के कट्टों में बदलकर राजस्थान की एक शराब फैक्ट्री में भेजने वाले गिरोह को पकड़वाया था।

# विभाग का एक्शन: 23 सर्विस स्टेशनों के काटे कनेक्शन

- अवैध कनेक्शनों से घरों में पानी की आपूर्ति हो रही थी बाधित
- सर्विस स्टेशनों पर पीने के पानी से गाड़ियों की हो रही थी वॉशिंग

हरिभूमि न्यूज. ⏭फतेहाबाद

शहर में पीने के पानी की बर्बादी रोकने के लिए जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग ने अवैध पानी कनेक्शनों के खिलाफ सख्त अभियान शुरू कर दिया है। मुख्यमंत्री उडऩदस्ता हिसार से मिली शिकायतों के बाद विभाग की टीम ने फतेहाबाद शहर के विभिन्न सर्विस स्टेशनों का भौतिक निरीक्षण किया और पीने के पानी की लाइन से जुड़े 23 सर्विस स्टेशनों के कनेक्शन काट दिए। जांच के दौरान जिन प्रतिष्ठानों पर घरेलू पेयजल आपूर्ति का उपयोग वाहन धोने के लिए किया जा रहा था, उनके कनेक्शन तत्काल प्रभाव से काट दिए गए। कार्रवाई की रिपोर्ट उच्च अधिकारियों के माध्यम से सरकार को भेजी जाएगी। कार्यकारी अभियंता बलविंदर नैन ने बताया कि विभागीय टीम के निरीक्षण में सामने आया कि कई सर्विस स्टेशन पीने के पानी की लाइन से वाहन धो रहे थे, जिससे अनेक घरों में पानी की आपूर्ति प्रभावित हो रही थी।



फतेहाबाद। सर्विस स्टेशनों पर कार्रवाई करती जनस्वास्थ्य विभाग की टीम।

### पेयजल का दुरुपयोग बर्दाश्त नहीं

पेयजल का दुरुपयोग किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। शहर और गांवों में अभियान लगातार जारी रहेगा और नियमों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। -**बलविंदर नैन**, कार्यकारी अभियंता, जन स्वास्थ्य विभाग



**टोहाना।** कच्चा आढ़ती एसोसिएशन के प्रधान चुने जाने के बाद समर्थकों के साथ रोशनलाल सैनी। *फोटो : हरिभूमि*

# टोहाना कच्चा आढ़ती एसोसिएशन चुनाव में छह वोट से सैनी बने प्रधान

- सभी 334 आढ़तियों ने डाले वोट, रोशनलाल सैनी 6 मतों से जीते

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

जिले की टोहाना की अनाज मंडी कच्चा आढ़ती एसोसिएशन के चुनाव में शुक्रवार को प्रधान पद के लिए कांटे की टक्कर देखने को मिली। कुल 334 मतदाताओं वाले इस चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान हुआ और सभी सदस्यों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। देर शाम घोषित परिणाम में रोशनलाल सैनी ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी भगत सिंह को मात्र 6 वोटों से हराकर प्रधान पद पर कब्जा जमाया। मतगणना के अनुसार रोशनलाल सैनी को 170 वोट मिले, जबकि भगत सिंह के पक्ष में 164 मत पड़े। कम अंतर से हुई इस जीत ने पूरे चुनाव को रोमांचक बना दिया। परिणाम घोषित होते ही समर्थकों ने रोशनलाल सैनी का फूल-मालाओं से स्वागत किया और मिठाइयां बांटकर खुशी का इजहार किया। चुनाव कमेटी सदस्य लक्ष्मण दास बंसल ने बताया कि अग्रवाल भवन में सुबह 9 बजे मतदान शुरू हुआ। दोपहर 3 बजे तक शांतिपूर्ण तरीके से मतदान संपन्न कराया गया। चुनाव के दौरान किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो, इसके लिए पुलिस बल भी तैनात किया गया था। मतदान समाप्त होने के बाद तुरंत मतगणना शुरू की गई और कुछ ही देर में परिणाम घोषित कर दिए गए।

### चुनाव के आंकड़े

| | |
|---|---|
| ⏭कुल मतदाता | 334 |
| ⏭कुल मतदान | 334 |
| ⏭रोशनलाल सैनी को मिले वोट | 170 |
| ⏭भगत सिंह को मिले वोट | 164 |
| ⏭जीत का अंतर | 6 वोट |

**निर्विरोध चुने गए पदाधिकारी**

| | |
|---|---|
| ⏭उपप्रधान | राजेंद्र शर्मा |
| ⏭सचिव | मदन लाल सैनी |
| ⏭कैशियर | राकेश गौतम |

**राजनीति** | प्रत्येक कार्यकर्ता को साथ लेकर चलना व नीतियों को घर-घर पहुंचाना प्राथमिकता : लांबा

# जिले में बीजेपी ने बनाए 12 मंडल प्रभारी, भीम लांबा को फतेहाबाद ग्रामीण तो सविता टूटेजा को भट्टू की जिम्मेदारी

- इंद्र गावडी को फतेहाबाद नगर व अनिल सिहाग को बनाया भूना मंडल का प्रभारी

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

फतेहाबाद जिले में भारतीय जनता पार्टी के संगठन की ओर से सभी 12 मंडलों के प्रभारियों की नियुक्ति की गई। प्रदेशाध्यक्ष बदलने के बाद नए सिरे से मंडल प्रभारी नियुक्त किए गए हैं। जिलाध्यक्ष प्रवीण जोड़ा द्वारा नए मंडल प्रभारियों के नियुक्ति आदेश जारी किए गए हैं। जिला परिषद चेयरपर्सन से लेकर नगर परिषद वाइस चेयरपर्सन तक को मंडल प्रभारी की जिम्मेदारी दी गई है। मंडल प्रभारियों की नियुक्ति में पार्टी पदाधिकारियों को पूरी तवज्जो दी गई है। ज्यादातर पदाधिकारियों को ही मंडल प्रभारी का दायित्व सौंपा गया है। नियुक्तियों के तहत अनुसार इंद्र गावड़ी को फतेहाबाद नगर, भीम लांबा को फतेहाबाद ग्रामीण, फतेहाबाद नगर परिषद उप प्रधान सविता टूटेजा को भट्टू और अनिल सिहाग को भूना मंडल का प्रभारी बनाया गया है। इसी तरह निर्मल सिंह को रतिया नगर, विनोद जांगड़ा को रतिया ग्रामीण, जगदीश शर्मा को भिरड़ाना, जिला परिषद चेयरपर्सन सुमन खिचड़ को नागपुर, विज्ञानसागर बाघला को टोहाना नगर, जगजीत सिंह को टोहाना ग्रामीण, लख्मी शर्मा को सनियाना और संजय रेवड़ी को जाखल मंडल का प्रभारी नियुक्त किया गया है।

### संगठन को बूथ स्तर पर बनाएंगे मजबूत


फतेहाबाद ग्रामीण मंडल के प्रत्येक कार्यकर्ता को साथ लेकर चलना और सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों को गांव-गांव, घर-घर तक पहुंचाना उनकी मुख्य प्राथमिकता रहेगी। भीम लाम्बा ने कहा कि हम सब मिलकर संगठन को बूथ स्तर तक और अधिक मजबूत व सक्रिय बनाएंगे। इस अवसर पर बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारियों और ग्रामीणों ने भीम लाम्बा को बधाई व शुभकामनाएं दीं है।

### संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करना प्राथमिकता



भीम लाम्बा।

फतेहाबाद। इस सूची में वरिष्ठ नेता भीम लाम्बा को फतेहाबाद ग्रामीण मंडल का प्रभारी नियुक्त किया गया है। भीम लाम्बा की नियुक्ति की सूचना मिलते ही फतेहाबाद ग्रामीण क्षेत्र के कार्यकर्ताओं और उनके समर्थकों में भारी उत्साह व खुशी की लहर दौड़ गई। कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे का मुंह मीठा करवाकर पार्टी आलाकमान के इस फैसले का स्वागत किया। स्थानीय नेताओं का कहना है कि भीम लाम्बा के सांगठनिक अनुभव का लाभ फतेहाबाद ग्रामीण मंडल के प्रत्येक कार्यकर्ता और आमजन को मिलेगा। नवनियुक्त मंडल प्रभारी भीम लाम्बा ने अपनी नियुक्ति पर भाजपा के प्रदेश एवं जिला नेतृत्व तथा सभी वरिष्ठ नेताओं का आभार व्यक्त किया और कहा कि पार्टी ने उन पर जो भरोसा जताया है, वह उस पर पूरी तरह खरा उतरने का प्रयास करेंगे।




# अब शादीशुदा और बच्चों का बाप है रैंचो : हिरानी

**मुंबई।** करीब 17 साल बाद '3 इडियट्स' के सीक्वल पर आधिकारिक काम शुरू हो चुका है। खुद राजकुमार हिरानी ने इस प्रोजेक्ट को लेकर खुलकर बात की है। आमिर खान भी कहानी सुन चुके हैं और ओरिजिनल स्टार कास्ट के वापस आने की उम्मीद है। राजकुमार हिरानी ने एक बातचीत में बताया कि वह अपने लंबे समय के राइटिंग पार्टनर अभिजात जोशी के साथ मिलकर सीक्वल की कहानी और स्क्रिप्ट पर काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अभी इस प्रोजेक्ट पर काफी काम बाकी है। हिरानी के मुताबिक, इस बार कहानी वहीं से आगे बढ़ेगी, जहां से पहली फिल्म खत्म हुई थी, लेकिन करीब 15-20 साल बाद। यानी अब तीनों दोस्त शादीशुदा हैं और उनके बच्चे भी हैं। वे अपनी जिंदगी के मिड-लाइफ क्राइसिस से गुजर रहे हैं। इस बार कहानी कॉलेज में नहीं होगी, क्योंकि अब वक्त और जिंदगी दोनों बदल चुके हैं।

लाइफ Style



# श्रद्धा

## ईथा में फिर छोड़ा अदाकारी का असर

एजेंसी ⏭ मुंबई

सबसे पसंदीदा एक्ट्रेसेस में से एक श्रद्धा कपूर अपनी आने वाली फिल्म 'ईथा' में अपनी परफॉर्मेंस से फैंस को इंप्रेस करने के लिए तैयार हैं। लक्ष्मण उतेकर के निर्देशन में बन रही यह फिल्म महाराष्ट्र की मशहूर तमाशा और लावणी कलाकार विठाबाई भाऊ मांग नारायणगांवकर की जिंदगी पर आधारित है।

यह फिल्म 1940 से 1990 के दशक तक की कहानी दिखाएगी, जिसमें उनके मशहूर होने का सफर और उनके संघर्ष शामिल होंगे। फिल्म की पहली झलक दिख गई है। इस बायोपिक का पहला टीजर 19 जून को शाहिद कपूर, कृति सेनन और रश्मिका मंदाना की फिल्म 'कॉकटेल 2' के साथ सिनेमाघरों में दिखाया गया। जैसे ही फिल्म का पहला शो शुरू हुआ, दर्शकों को श्रद्धा की एक हैरान करने वाली और नई झलक देखने को मिली। टीजर में वह लावणी डांसर के रोल में शानदार लग रही थीं। 'ईथा' का टीजर मशहूर लावणी कलाकार विठाबाई नारायणगांवकर की जिंदगी के सबसे यादगार पलों में से एक को दिखाता है। श्रद्धा कपूर पहले ही सीन से इस किरदार में पूरी तरह ढल जाती हैं और इस मशहूर कलाकार की मजबूती और हिम्मत को बखूबी दिखाती हैं। टीजर में विठाबाई को बहुत ज्यादा प्रेग्नेंट होने के बावजूद पूरे जोश और लगन के साथ स्टेज पर परफॉर्म करते हुए दिखाया गया है। टीजर में, परफॉर्मेंस के दौरान उन्हें एहसास होता है कि वह बच्चे को जन्म देने वाली हैं। शो को बीच में न छोड़ने का पक्का इरादा करते हुए, वह शांत रहती हैं और बैकस्टेज जाती हैं, जहां वह बच्चे को जन्म देती हैं। हिम्मत की एक अनोखी मिसाल पेश करते हुए, विठाबाई पत्थर से गर्भनाल काटती हैं और अपनी परफॉर्मेंस पूरी करने के लिए वापस स्टेज पर आ जाती हैं।

## हॉलीवुड मसाला



# भारत में रिलीज होगी डोरेमोन की यह फिल्म

**लॉस एंजिल्स।** कॉर्टून की दुनिया का सबसे लोकप्रिय किरदार डोरेमोन अब जल्द भारतीय सिनेमाघरों में दस्तक देने वाला है। फिल्म 'डोरेमोन द मूवीः न्यू नोबिता एंड द कैसल ऑफ द अंडरसी डेविल' इस साल देशभर में रिलीज होने जा रही है। गुरुवार को मेकर्स ने फिल्म का पोस्टर जारी कर फैंस के साथ यह जानकारी साझा की। फिल्म का प्रमोशन 20 जून से शुरू होने वाले पॉप कल्चर फेस्टिवल में किया जाएगा। मेकर्स ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट साझा करते हुए बताया कि इस फिल्म को हिंदी, तमिल और तेलुगु भाषाओं में रिलीज किया जाएगा।




# आज के बच्चों को आईना दिखाती है टॉय स्टोरी 5

**मुंबई।** कभी गुड्डे-गुड़ियों की शादी कराते, तो कभी घंटों खिलौनों के साथ एक नई दुनिया बुनते बच्चों के हाथों में जब से फोन और टैबलेट आए हैं, तब से खिलौनों से उनका नाता बहुत कम हो गया है। बाहर निकलकर खेलना, असली दोस्त बनाना कितना अहम है, यह बेहद खूबसूरती से दिखाती है 31 वर्षों से चल रही एनिमेटेड एडवेंचर कॉमेडी टॉय स्टोरी सीरीज की पांचवीं फिल्म टॉय स्टोरी 5। कहानी है बौनी (स्कार्लेट स्पीयर्स) की जो खिलौनों से तो खूब खेलती है, लेकिन दोस्त नहीं बना पाती है। उसके माता-पिता उसके लिए लिलीपैड (ग्रेटा ली) डिवाइस यानी टैबलेट ले आते हैं, जिस पर बौनी के डांस क्लास के दोस्त ऑनलाइन बनते हैं। बौनी अपने खिलौने से दूर हो जाती है।



# एक्टर हेनरी के साथ नजर आईं सारा

**मुंबई।** गुरुवार की शाम हॉलीवुड और बॉलीवुड का शानदार संगम देखने को मिला। जब 'सुपरमैन' फेम एक्टर हेनरी कैविल और बॉलीवुड एक्ट्रेस सारा अली खान की मुलाकात की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हुईं। दोनों कलाकार एक लग्जरी वॉच ब्रांड के इवेंट में शामिल हुए। इवेंट में पटौदी खानदान की युवा राजकुमारी सारा अली खान अपने शाही अंदाज में नजर आईं। सारा ने इवेंट से कई तस्वीरें अपने इंस्टाग्राम पर शेयर कीं। सारा ने इस खास इवेंट के लिए मोनोक्रोमैटिक आइवरी आउटफिट चुना। इसके साथ उन्होंने अपनी खूबसूरती और शालीनता का बेहतरीन मेल पेश किया। उनके लुक में एक तरफ जहां विंटेज चार्म था वहीं दूसरी तरफ आधुनिक भव्यता भी नजर आई। उन्होंने रिच टेक्सचर वाले ट्वीड-स्टाइल फैब्रिक से बनी स्ट्रक्चर्ड मिडी-लेंथ शीथ ड्रेस पहनी थी।



# 18 महीने तक नहीं देंगे कोई इंटरव्यू

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता रणवीर सिंह इन दिनों 'डॉन 3' को लेकर चल रहे विवाद के कारण सुर्खियों में हैं। खबरों के मुताबिक, रणवीर ने एक बड़ा फैसला लिया है। उन्होंने तय किया है कि वह अगले 18 महीनों तक किसी भी तरह का इंटरव्यू नहीं देंगे और इस विवाद पर कोई बयान भी नहीं देंगे। रिपोर्ट्स के अनुसार, रणवीर ने यह बात एक ट्रेड जर्नलिस्ट से मुलाकात के दौरान खुद कही। उन्होंने साफ कर दिया कि वह 'डॉन 3' से जुड़े किसी भी सवाल पर बात नहीं करेंगे और अपनी अगली फिल्म 'प्रलय' की रिलीज तक मीडिया से दूरी बनाए रखेंगे। दरअसल, रणवीर सिंह और फिल्ममेकर फरहान अख्तर के बीच 'डॉन 3' को लेकर मतभेद हो गए थे। कहा जा रहा है कि रणवीर फिल्म की स्क्रिप्ट और बार-बार हो रही देरी से खुश नहीं थे। इसी वजह से उन्होंने फिल्म छोड़ने का फैसला लिया।

## टीवी मसाला



# बाघा का रो-रोकर बुरा हाल मां को यादकर फफक पड़े

**नई दिल्ली।** पॉपुलर टीवी शो 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' में बाघा का किरदार निभाकर मशहूर हुए तन्मय वेकारिया हाल ही सेट पर भावुक हो गए। तन्मय मां को याद कर इस कदर बिलख पड़े कि असित मोदी को शूटिंग बीच में ही रोकनी पड़ी और वह एक्टर को संभालते दिखे। सोशल मीडिया पर 'तारक मेहता...' के सेट से वीडियो सामने आया है, जिसे देख फैंस भी भावुक हो गए हैं। वीडियो में नजर आ रहा है कि तन्मय वेकारिया सीन के बीच भावुक हो गए और फूट-फूटकर रो पड़े। यह देख शो के प्रोड्यूसर असित मोदी ने उन्हें ढांढस बंधाया और संभालते दिखे। तन्मय वेकारिया एक सीन शूट कर रहे थे, जो बाघा और बावरी की लव स्टोरी से जुड़ा था। लेकिन, जैसे ही कैमरा रोल होना शुरू हुआ, तन्मय भावुक हो गए। दरअसल, तन्मय वेकारिया की मां उन्हें बाघा के रोल में बेहद पसंद करती थीं, पर हाल ही उनका निधन हो गया। फिलहाल शो में बाघा और बावरी की लव स्टोरी का ट्रैक दिखाया जा रहा है, जिसे दर्शक खूब पसंद कर रहे हैं। लेकिन, तन्मय इस दुख को बर्दाश्त नहीं कर पा रहे कि अब उनके लिए दर्शकों के इस प्यार और बाघा के रूप में उन्हें देखने के लिए मां दुनिया में नहीं है, और वह रोने लगे। तन्मय वेकारिया का हाल देख सेट का माहौल गम में बदल गया और हर किसी की आंखें नम हो गईं। शूटिंग भी रोक दी गई। असित मोदी के अलावा 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' के प्रोड्यूसर्स और बाकी टीम तन्मय वेकारिया के पास जाकर उन्हें संभालने लगी। इसके बाद तन्मय ने अपनी मां से जुड़ी कई प्यारी यादें साझा कीं और बताया कि कैसे वह 'बाघा' वाले हर एपिसोड को देखने का बेसब्री से इंतजार करती थीं।

## माता-पिता का करें सम्मान : इमरान

**मुंबई।** छोटे पर्दे के मशहूर कलाकार के तौर पर अभिनेता इमरान खान को जाना जाता है। फादर्स डे के खास अवसर को मद्देनजर रखते हुए इमरान ने आज के समय में बच्चों को अनुसान सिखाने और माता-पिता सम्मान को लेकर चर्चा की है।



धारावाहिक जगधात्री में महेश देशमुख की भूमिका निभाने वाले अभिनेता इमरान खान कहते हैं- बतौर पिता मैं अपने बच्चों से सम्मान और अनुशासन की उम्मीद करता हूं। बच्चों को अपने माता-पिता को सम्मान देना ही चाहिए। यह मैं खासतौर पर आज की जेन जी पीढ़ी के लिए कहना चाहता हूं। हर माता-पिता अपने बच्चों को पालने के लिए बहुत मेहनत करते हैं। इसलिए, माता-पिता को उल्टे जवाब देना और सम्मान न करना मुझे नहीं पसंद है। माता-पिता को भी अपने बच्चों को बचपन से ही ये चीजें सिखानी चाहिए। मैंने देखा है कि कुछ माता-पिता अपने बच्चों को बहुत लाड-प्यार देते हैं, लेकिन उन्हें लोगों का सम्मान करना और तमीज सिखाना भूल जाते हैं।

# धमाल 4 का नया गाना कहर रिलीज, गुरु रंधावा ने लगाया तड़का




**मुंबई।** इस साल की एक और अवेटेड फिल्म 'धमाल 4' के ट्रेलर और हाल ही में रिलीज हुए जबरदस्त गाने 'चटनी' के बाद, 'धमाल 4' के मेकर्स ने अब एक और नया गाना 'कहर' रिलीज किया है। मजा कई गुना बढ़ाने वाला यह गाना सभी को एनर्जी और एंटरटेनमेंट से भरपूर एक जबरदस्त म्यूजिकल सफर पर ले जाता है। गाने में 'धमाल 4' की कास्ट के साथ गुरु रंधावा ने टीमअप किया है और गजब के पंजाबी वाइब्स दे रहे हैं। इस गाने को गुरु रंधावा ने गाया है और इसके बोल और संगीत गिल मचराई, रोनी अजनाली और गुरु रंधावा ने दिए हैं। संजॉय के प्रोड्यूस और अरेंज किए गए इस गाने में दर्शकों को एक मजेदार सफर पर ले जाया जाता है, जिसमें 'धमाल बॉयज' गुरु के रंग में रंगे हुए, अपने सबसे अनोखे अंदाज में और पीयूष व शाजिया के कोरियोग्राफ किए गए अपने जबरदस्त हुक स्टेप के साथ खूब धमाल मचाते हुए नजर आते हैं। इस गाने में एक्ट्रेस केतिका शर्मा भी एक स्पेशल अपीयरेंस में दिखाई देती हैं। हर उम्र के लोगों के लिए जबरदस्त मनोरंजन का वादा करते हुए, 'धमाल 4' में अजय देवगन, अरशद वारसी, रितेश देशमुख, जावेद जाफरी और संजय मिश्रा जैसे दमदार कलाकार एक साथ नजर आएंगे।

# वैष्णो देवी के दरबार में पहुंचे अक्षय, लिया माता का आशीर्वाद

**नई दिल्ली।** अक्षय कुमार इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' को लेकर चर्चाओं में हैं। इस बीच हाल ही में अक्षय फिल्म की रिलीज से पहले माता वैष्णो देवी के दरबार में पहुंचे। अक्षय ने त्रिकुटा पहाड़ियों पर स्थित इस पवित्र मंदिर में माथा टेका और आशीर्वाद लिया। मंदिर परिसर में अभिनेता को देखते ही वहां मौजूद फैंस ने उन्हें घेर लिया। इस दौरान अक्षय कुमार पारंपरिक सफेद कुर्ता पहने नजर आए। सोशल मीडिया पर भी अक्षय के कई वीडियो सामने आए हैं, जिसमें फैंस उनके साथ सेल्फी लेने की कोशिश करते नजर आ रहे हैं। मंदिर में पूजा-अर्चना के लिए जाने से पहले कुमार यात्रा के बेस कैंप कटरा पहुंचे। अधिकारियों ने बताया कि मंदिर में पूजा-अर्चना के लिए जाने से पहले अक्षय यात्रा के बेस कैंप कटरा पहुंचे। एक्टर के आने से श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों में काफी उत्साह देखा गया। कई लोग फिल्म स्टार की एक झलक पाने की उम्मीद में रास्ते में और मंदिर परिसर में जमा हो गए। अधिकारियों ने बताया कि कुमार ने पवित्र गुफा मंदिर में दर्शन किए और लौटने से पहले कुछ समय पूजा-अर्चना में बिताया। अहमद खान द्वारा निर्देशित 'वेलकम टू द जंगल' में अक्षय कुमार समेत 34 कलाकार प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे। इनमें अक्षय कुमार के साथ सुनील शेट्टी, दिशा पाटनी, जैकलीन फर्नांडिस, रवीना टंडन, लारा दत्ता, अरशद वारसी, तुषार कपूर, श्रेयस तलपड़े, आफताब शिवदासानी और जैकी श्रॉफ समेत कई अन्य नाम शामिल हैं। यह फिल्म 26 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है।



वेलकम टू द जंगल की रिलीज से पहले अक्षय ने लिया वैष्णो देवी का आशीर्वाद

## आकाश हैं, धूप में छांव हैं, जब टूट जाओ तो हिम्मत हैं पिता

# पिता-पुत्र के रिश्ते पर बनी हैं ये फिल्में, दर्शकों के दिलों को जीतने में रहीं कामयाब

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

'पिता सिर्फ एक रिश्ता नहीं है, वह एक भरोसा होना चाहिए, जो तुम्हें यकीन दिलाए कि अगर पूरी दुनिया भी तुम्हारे सामने खड़ी हो जाए न तो तुम लड़ लोगे!' यह डायलॉग है शाहरुख खान की फिल्म 'जवान' का। फिल्म में यह संवाद नयनतारा बोलती हैं। और, सही मायने में यह फिल्म में कह देने भर की बात नहीं है, बल्कि जिंदगी की हकीकत है। पिता आकाश हैं। धूप में छांव हैं। जब टूट जाओ तो पिता हिम्मत हैं। निर्माता-निर्देशकों ने भी इस रिश्ते की खूबसूरती को पर्दे पर दिखाने की कोशिश की है।

### जवान

शाहरुख खान की फिल्म 'जवान' में भी बाप-बेटे की कहानी है। फिल्म में शाहरुख पिता और पुत्र की दोहरी भूमिका में हैं। फिल्म का ये डायलॉग खूब हिट हुआ है, 'बेटे को हाथ लगाने से पहले बाप से बात कर!' अभिनय के मामले में भी शाहरुख का पिता के रूप में विक्रम राठौर का किरदार कहीं ज्यादा पसंद किया गया।

### गदर 2

फिल्म 'गदर 2' बाप-बेटे के रिश्ते पर आधारित है, जहां पिता के रूप में सनी देओल अपने बेटे (उत्कर्ष शर्मा) के लिए पाकिस्तान तक पहुंच गए। जीते (उत्कर्ष शर्मा) जब पाकिस्तान में फंस जाता है, तो वह पाकिस्तानी फौजी अफसर से कहता है, 'दुआ कर कि मेरा बाप यहां ना आए। अगर मेरा बाप यहां आ गया, तो तेरे इतने टुकड़े करेगा, इतने टुकड़े करेगा...' वहीं तारा सिंह भी भले ही घर में जवान बेटे पर हाथ उठा देता हो, लेकिन बेटे के मुसीबत में फंस जाने पर सारे खतरे उठाकर पाकिस्तान चल पड़ता है। इससे पहले बाप से अक्सर नाराज रहने वाला बेटा भी अपने पिता को तलाशने की खातिर दुश्मन मुल्क पाकिस्तान में जाने का जोखिम उठाता है। फिल्म में एक और भावुक कर देने वाला संवाद है, जब जीते एक जगह कहता है, 'जिसके ऊपर पिता का साया है, उसे फिक्र करने की क्या जरूरत!'




### ओएमजी 2

*फिल्म 'ओएमजी 2' भी पिता-पुत्र की कहानी पर आधारित है, जिसमें एक पिता अपने मासूम बेटे के लिए कोर्ट तक जाता है। फिल्म में दिखाया गया कि जब नाबालिग बेटा अपना वीडियो वायरल होने के चलते परेशानी में था और सारी दुनिया उसके खिलाफ थी, तब उसके बाप ने ही उसका पूरी मजबूती से साथ दिया। यही नहीं, वह अपने बेटे की खातिर अपना सब कुछ दांव पर लगाकर सारी दुनिया से भिड़ने से भी नहीं हिचकिचाया।*

**टाइगर 3:** सलमान खान की फिल्म 'टाइगर 3' भी बाप-बेटे की कहानी कहती है। फिल्म में सलमान खान का एक संवाद है, 'मेरे बेटे को मैं नहीं, इंडिया बोलेगा कि उसका बाप क्या था? गद्दार या देशभक्त! जिंदा रहा तो आपकी खिदमत में फिर हाजिर नहीं तो जय हिंद'! यह फिल्म भी पिता-पुत्र के रिश्ते पर बनी है।

**एनिमल :** रणबीर कपूर की ब्लॉकबस्टर फिल्म 'एनिमल' भी इस लिस्ट में शामिल है। इसमें रणबीर के पिता की भूमिका में अनिल कपूर नजर आए। अनिल कपूर को एक ऐसे सख्त पिता की भूमिका में दिखाया गया, जो अपने बेटे को किसी लायक नहीं समझता। हालांकि, बाद में फिल्म एक भावुक मोड़ लेती है। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर ब्लॉकबस्टर साबित हुई।

**102 नॉट आउट:** अमिताभ बच्चन और ऋषि कपूर की ये फिल्म भी बाप-बेटे के रिश्ते पर बनी है। इस फिल्म में अमिताभ बच्चन ने 102 साल की उम्र के पिता को रोल निभाया था, जबकि दिवंगत एक्टर ऋषि कपूर इसमें 75 साल के उनके बेटे की भूमिका में दिखाई दिए थे। फिल्म में बाप-बेटे की बेहतरीन केमिस्ट्री देखने को मिली। इस फिल्म का निर्देशन उमेश शुक्ला ने किया था।

**पा :** साल 2009 में अमिताभ, अभिषेक और विद्या बालन अभिनीत फिल्म 'पा' ने सिनेमा जगत के कई रिकाड्र्स तोड़े जब प्रोजेरिया से पीड़ति बेटे का किरदार निभाया अमिताभ बच्चन ने और उसके पिता का किरदार खुद उनके बेटे अभिषेक ने निभाया। एक बेहद मार्मिक कहानी जो 13 साल के एक बीमार बच्चे की है। इसमे साहस और आत्मविश्वास कूट-कूट कर भरा है। आर बाल्की ने इस फिल्म में पिता और पुत्र के एक अनोखे रिश्ते को दर्शाया है जो एक- दूसरे के बहुत अच्छे दोस्त है।

## खबर संक्षेप

### विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत सम्पर्क शुरू

**सिरसा।** चुनाव आयोग के द्वारा हरियाणा में 15 जून से विशेष गहन पुनरीक्षण- 2026 अभियान की शुरुआत की गई है। इस अभियान के तहत बीएलओ घर-घर जा कर मतदाताओं को गणना प्रपत्र उपलब्ध और सत्यापन कर रहे हैं। इस दौरान मतदाताओं के रिकार्ड का 2002 की मतदाता सूची से मिलान किया जाएगा। अभियान का उद्देश्य मृत, स्थानांतरित या दोहरी प्रविष्टिया को हटाना है और पात्र नाम सूची में सुनिश्चित करना है।

### बैडमिंटन टूर्नामेंट के दो दिवसीय ट्रायल 24 से

**सिरसा।** जिला बैडमिंटन संघ की ओर से आगामी 24 और 25 जून को द सिरसा क्लब, सिरसा में अंडर-17, 19 और सीनियर सिंगल्स और डबल्स के लिए लडक़ों और लड़कियों का टूर्नामेंट/ट्रायल आयोजित किए जाएंगे। सीनियर कोच दीपेश ठक्कर ने बताया कि इस ट्रायल में भाग लेने के लिए इंट्री की अंतिम तिथि 23 जून है। बिना इंट्री फीस के इंट्री स्वीकार नहीं की जाएगी। ट्रायल के लिए संबंधित कोचों से सम्पर्क किया जा सकता है।

### श्री दुर्गा मंदिर में मासिक भंडारा 21 जून को

**ओढां।** पुरानी अनाज मंडी में स्थित दुर्गा मंदिर में श्री दुर्गा सेवा मंडल की ओर से समस्त गांववासियों के सहयोग से आयोजित मासिक भंडारा आगामी 21 जून दिन रविवार को आयोजित किया जाएगा। मंदिर के पुजारी देव शर्मा ने बताया कि 21 जून को शाम सात बजे कंजक पूजन के साथ ही भंडारा शुरू हो जाएगा। इस दौरान श्री दुर्गा सेवा मंडल की ओर से श्री दुर्गा नारी मंडल की महिलाएं माता रानी की महिमा का गुणगान करेंगी।

### ग्राम बड़ोपल में प्राकृतिक खेती का प्रशिक्षण दिया

**फतेहाबाद।** कृषि विभाग द्वारा ग्राम सचिवालय बड़ोपल में प्राकृतिक खेती प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। कृषि पर्यवेक्षक मनोज बिश्नोई ने किसानों को प्राकृतिक खेती, देसी कपास की खेती पर कृषि योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की। डॉ. प्रदीप कुमार ने किसानों को पशुओं में होने वाली प्रमुख संक्रामक बीमारियों से बचाव हेतु मुंहपका-खुरपका, गलघोंटू तथा लम्पी स्किन डिजीज के नियमित टीकाकरण पर जागरूक किया। उन्होंने बछड़ों एवं वयस्क पशुओं के समय पर डी-वॉर्मिंग तथा मिनरल मिक्सचर उपलब्ध कराने के लाभों की भी जानकारी दी।

### नुक्कड़ नाटक से कराया नारी शक्ति का आभास

**सिरसा।** ग्राम छतरियां में दिव्य ज्योति जागृति संस्थान के द्वारा नारी की शक्ति एवं नारी स्वयं-सशक्तिकरण विषय पर एक प्रेरणादायक नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। साध्वी संतोष भारती एवं साध्वी पूषा भारती ने कहा कि नारी अपार शक्ति, साहस, करुणा और संस्कारों की प्रतीक है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक महिला को अपनी आंतरिक शक्ति को पहचानकर आत्मविश्वास, शिक्षा, आत्मनिर्भरता और आत्मस मान के साथ जीवन में आगे बढऩा चाहिए। नुक्कड़ नाटक से संदेश दिया गया कि नारी राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली शक्ति है।

**संघ ने की मांग : शिक्षकों की जगह सक्षम बेरोजगारों को एसआईआर में लगाएं**

# गैर-शैक्षणिक कार्य के खिलाफ 22 जून को जिला मुख्यालयों पर प्रदर्शन करेंगे अध्यापक

- एसआईआर कार्य से स्कूलों में पढ़ाई हो रही प्रभावित, शिक्षकों पर बढ़ रहा मानसिक दबाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

प्रदेश में चल रहे गहन पुनः निरीक्षण यानि एसआईआर कार्य में लगे शिक्षकों और स्कूल मुखियाओं पर बनाए जा रहे अनावश्यक दबाव के विरोध में हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ ने आंदोलन का बिगुल फूंक दिया है। संघ के आह्वान पर अध्यापकों द्वारा 22 जून को फतेहाबाद में जिला मुख्यालय पर रोष प्रदर्शन किया जाएगा। अध्यापक नेताओं का आरोप है कि इस कार्य के चलते जहां एक ओर स्कूलों में पढ़ाई प्रभावित हो रही है, वहीं दूसरी ओर शिक्षकों पर मानसिक दबाव बनाया जा रहा है।


अध्यापक संघ के जिला प्रधान राजपाल मिताथल, सचिव देसराज माचरा, जिला कोषाध्यक्ष जगजीत मुड़ाही, सहसचिव देवीलाल, उपमहासचिव कृष्ण नैन, राज्य आडिटर सुरजीत दुसाद, कार्यालय सचिव राधेश्याम व भगत सिंह ने सांझा बयान में कहा कि एसआईआर का कार्य शिक्षा व्यवस्था के लिए आघात साबित हो रहा है। इस कार्य में बड़ी संख्या में अध्यापकों की ड्यूटी लगाए जाने से कई स्कूल लगभग खाली हो चुके हैं, जिससे बच्चों की शिक्षा पर बुरा असर पड़ रहा है। अध्यापक नेताओं ने बताया कि एसआईआर के गणना प्रपत्र भरने के लिए वैसे तो एक महीने का समय निर्धारित है, जो कि पहले ही काफी कम है। इसके बावजूद अधिकारियों द्वारा महज चार-पांच दिनों में ही सभी प्रपत्र बांटने का टारगेट पूरा करने का अनुचित दबाव बनाया जा रहा है। इतना ही नहीं, दिन में दो-दो बार गूगल शीट के माध्यम से रिपोर्ट मांगी जा रही है। शिक्षक नेताओं के अनुसार, अधिकांश मतदाता यह गणना प्रपत्र स्वयं भरने में सक्षम नहीं हैं। यदि वे इसे खुद भरेंगे तो गलतियों की आशंका रहेगी, जिसके चलते सारा काम अकेले बीएलओ को ही करना पड़ रहा है।

बिना किसी सहायक और तकनीकी कर्मचारी के अकेले बीएलओ के लिए यह काम करना बेहद कठिन है। इसी तरह स्कूल प्रिंसिपलों, पीजीटी और टीजीटी शिक्षकों को सुपरवाइजर व कंट्रोल रूम में नोडल अधिकारी बनाकर स्कूलों और विद्यार्थियों से दूर किया जा रहा है। इन नोडल अधिकारियों को हजारों फॉर्म ऑनलाइन और ऑफलाइन चेक कर मिलान करने के अव्यावहारिक टारगेट दिए जा रहे हैं।

**अध्यापक संघ ने दी चेतावनी**



अध्यापक संघ ने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि दूसरे राज्यों में बीएलओ पर अत्यधिक दबाव के कारण आत्महत्या जैसे अमानवीय उदाहरण पहले भी सामने आ चुके हैं। संघ ने मांग की है कि इस कार्य की समयावधि बढ़ाई जाए और शिक्षकों की जगह सक्षम बेरोजगार युवाओं को इस काम में लगाया जाए। इससे युवाओं को रोजगार मिलेगा और बच्चों की पढ़ाई का नुकसान भी नहीं होगा। संघ ने स्पष्ट किया कि इस थोपे गए गैर-शैक्षणिक कार्य और प्रशासनिक दबाव के खिलाफ 22 जून को जिला स्तर पर जोरदार प्रदर्शन किया जाएगा।



सिरसा। रोहताश जांगड़ा का अभिनंदन करते हुए ट्रस्ट के पदाधिकारी ।

## श्री विश्वकर्मा एजुकेशन ट्रस्ट ने किया रोहताश जांगड़ा का भव्य अभिनंदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

श्री विश्वकर्मा एजुकेशन ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने सरकार द्वारा रोहताश जांगड़ा को हरियाणा श्रम कल्याण बोर्ड का चेयरमैन बनाए जाने पर स्थानीय रेस्ट हाऊस में उनका हार्दिक अभिनंदन किया। सभी महानुभावों ने फूल मालाओं से रोहताश जांगड़ा का स्वागत करते हुए बधाई के साथ-साथ भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। अभिनंदन से अभिभूत चेयरमैन रोहताश जांगड़ा ने कहा कि समाज के उत्थान के लिए पूर्व में भी वे प्रयासरत रहे हैं और आगे भी वे इसी प्रकार समाज के लिए काम करेंगे। रोहताश जांगड़ा ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा सरकार अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। सरकार श्रमिकों, किसानों, युवाओं और जरूरतमंद वर्ग के कल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है।

**ये रहे मौजूद**

इस मौके पर ओम प्रकाश सुथार, पृथ्वी राज सुथार, कृष्णलाल, मोतीलाल, हनुमान सिंह छडिया, हवा सिंह, रत्ती राम, भजन लाल कुलरिया, चाननराम, डॉ. पूर्ण सिंह कुलरिया, सुभाष माक्कड़, चंद्र प्रकाश कचोरिया, जगदीश चुड़ल सहित समाज के अन्य महानुभाव मौजूद थे।

## शहर की बदहाल सडक़ों को लेकर मुख्यमंत्री सैनी को कांग्रेस प्रतिनिधि ने सौंपा ज्ञापन

**सिरसा।** शहर की समस्याओं खासकर बदहाल सडक़ों को लेकर प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि राजकुमार शर्मा ने पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में शहर की जर्जर सडक़ों, विकास कार्यों में कथित अनियमितताओं तथा बरसाती पानी की निकासी की समस्या पर ध्यान आकर्षित किया गया। मुख्यमंत्री ने इस पर उचित कार्रवाई का भरोसा दिलाया। सौंपे ज्ञापन में कहा गया कि शहर में नई बनी सडक़ों को विभिन्न विभागों द्वारा बार-बार उखाड़ा जा रहा है। कभी जनस्वास्थ्य विभाग पाइपलाइन बिछाने के नाम पर सडक़ें तोड़ता है तो कुछ समय बाद नगर परिषद उन्हीं सडक़ों को दोबारा खोद देती है। इससे सरकारी धन का लगातार दुरुपयोग हो रहा है और आम जनता को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। शहर में हिसारिया बाजार, सदर बाजार, रोड़ी बाजार, भादरा बाजार, सर्कुलर रोड, रोड़ी गेट, शिव चौक, अनाजमंडी रोड, बंद गेट, रानियां रोड, घंटाघर चौक, नोहरिया बाजार और जनता भवन रोड सहित शहर की अधिकांश प्रमुख सडक़ें बदहाल स्थिति में हैं। ज्ञापन में मुख्यमंत्री से आग्रह किया गया कि वे स्वयं शहर के प्रमुख बाजारों और प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर वास्तविक स्थिति का जायजा लें। साथ ही सडक़ निर्माण, बार-बार की गई खुदाई, बरसाती नालों की सफाई और अन्य विकास कार्यों की उच्चस्तरीय एवं निष्पक्ष जांच कराई जाए।



चोपटा। बेटी के जन्म पर कुआं पूजन की रस्म निभाते परिवारिक सदस्य।

## जमाल में बेटी के जन्म पर मनाया जश्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चोपटा

खंड के गांव जमाल में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ का प्रेरणादायक उदाहरण देखने को मिला। गांव निवासी शंकर लाल जांगड़ा ने अपनी तीसरी बेटी प्रियांशी के जन्म की खुशी में बेटे की तरह कुआं पूजन (जलवा पूजन) कार्यक्रम आयोजित कर समाज को सकारात्मक संदेश दिया। इस अवसर पर परिवार ने मिठाई बांटकर खुशियां मनाई। कार्यक्रम में आशा वर्कर कृष्णा, आंगनबाड़ी वर्कर सुनीता, दौलत राम, राम सिंह, इन्द्रपाल सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित रहे। सभी ने शंकर लाल और उनके परिवार की सोच की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायक कदम बताया।

शंकर लाल जांगड़ा और उनकी पत्नी कांता रानी ने बताया कि उनकी तीन बेटियां हैं। बड़ी बेटी देविका 8 वर्ष की, दूसरी बेटी जीविका 3 वर्ष की है, जबकि सबसे छोटी बेटी प्रियांशी का जन्म करीब साढ़े तीन महीने पहले हुआ था। बेटी के जन्म की खुशी मनाने के लिए उन्होंने बेटों की तरह ही जलवा पूजन कार्यक्रम आयोजित किया।उन्होंने कहा कि बेटा और बेटी में कोई अंतर नहीं है। वे अपनी तीनों बेटियों की अच्छी परवरिश करेंगे और उन्हें उच्च शिक्षा दिलाकर जीवन में आगे बढऩे के लिए हर संभव अवसर प्रदान करेंगे।ग्रामीणों ने कहा कि ऐसे आयोजन समाज में बेटियों के प्रति सकारात्मक सोच को बढ़ावा देते हैं और लोगों को बेटियों को समान अधिकार एवं सम्मान देने के लिए प्रेरित करते हैं। शंकर लाल जांगड़ा का यह कदम बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान की भावना को मजबूत करने वाला है।

## भाजपा किसानों को दे जवाब :सैलजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा



- पूरे वर्ष मेहनत करने के बाद भी किसान को उपज का उचित मूल्य भी नहीं मिल पाता

सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने कहा है कि किसानों को उनकी उपज का लाभकारी मूल्य दिलाने के बड़े-बड़े दावे करने वाली भाजपा सरकार आज यह स्पष्ट करे कि 24 फसलों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी का उसका वादा आखिर कहां गया।

कुमारी सैलजा ने कहा कि हरियाणा सहित देश के अनेक हिस्सों में मक्का उत्पादक किसान अपनी फसल को औने-पौने दामों पर बेचने को मजबूर हैं। जिस मक्के का घोषित न्यूनतम समर्थन मूल्य 2410 रुपए प्रति क्विंटल है, वह कई मंडियों में लगभग 1300 रुपए प्रति क्विंटल तक बिक रहा है। इससे किसानों को प्रति क्विंटल हजार रुपये से अधिक का नुकसान उठाना पड़ रहा है। सांसद ने कहा कि किसान पूरे वर्ष मेहनत करता है, मौसम की मार झेलता है, बढ़ती लागत का बोझ उठाता है और जब फसल मंडी तक पहुंचती है तो उसे अपनी उपज का उचित मूल्य भी नहीं मिल पाता। यह स्थिति अत्यंत चिंताजनक है। यदि सरकार एमएसपी घोषित करती है तो यह उसकी जिम्मेदारी है कि किसानों को उस मूल्य पर खरीद की प्रभावी व्यवस्था भी उपलब्ध कराए।

**यह भी बोली सांसद**

कुमारी सैलजा ने कहा कि भाजपा ने किसानों से अनेक वादे किए थे, लेकिन वास्तविकता यह है कि किसान आज भी लागत, कर्ज और बाजार की अनिश्चितताओं से जूझ रहा है। किसानों को केवल घोषणाएं नहीं बल्कि उनकी उपज का सुनिश्चित और लाभकारी मूल्य चाहिए। सांसद ने मांग की कि केंद्र और राज्य सरकार तुरंत हस्तक्षेप कर मक्का सहित सभी घोषित एमएसपी फसलों की प्रभावी सरकारी खरीद सुनिश्चित करें, ताकि किसानों को उनकी मेहनत का उचित मूल्य मिल सके और उन्हें आर्थिक नुकसान से बचाया जा सके। कुमारी सैलजा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी किसानों के हितों की रक्षा के लिए निरंतर आवाज उठाती रही है और आगे भी किसानों के अधिकारों तथा सम्मानजनक आय के लिए संघर्ष जारी रखेगा।

## नशा व्यक्ति के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के साथ शिक्षा पर डालता प्रतिकूल प्रभाव: गविंद्र कौर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

जिला मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम की टीम द्वारा नशा मुक्त भारत सप्ताह के अंतर्गत बस स्टैंड फतेहाबाद में पुलिस चौकी के पास जागरूकता अभियान आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम मादक द्रव्यों के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया, जिसका मुख्य विषय नशा मुक्त भारत अभियान : विकसित भारत की पहचान रहा। कार्यक्रम के दौरान मनोरोग नर्सिंग अधिकारी निशा रानी द्वारा बस स्टैंड पुलिस चौकी के निकट हस्ताक्षर अभियान चलाया गया तथा आमजन को नशामुक्ति शपथ दिलाई गई। उपस्थित लोगों को नशा एवं तंबाकू युक्त पदार्थों के सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया गया तथा जानकारीपरक पंपलेट वितरित किए गए। मनोवैज्ञानिक गविन्द्र कौर ने लेबर चौक पर श्रमिकों एवं अन्य नागरिकों से संवाद करते हुए तनाव प्रबंधन, साथियों के दबाव से बचाव तथा नशीले पदार्थों के सेवन की रोकथाम जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि नशा व्यक्ति के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के साथ-साथ उसकी शिक्षा, रोजगार और भविष्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव डालता है। नागरिक अस्पताल फतेहाबाद के नशामुक्ति केन्द्र के प्रभारी एवं मनोरोग विशेषज्ञ डॉ. गिरीश कुमार ने बताया कि राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य हेल्पलाइन टेली-मानस 14416, राष्ट्रीय नशामुक्ति हेल्पलाइन 14446 तथा तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम हेल्पलाइन 1800-112-356 पर जानकारी ले सकते हैं। उन्होंने नागरिकों से नशे से दूर रहने, स्वस्थ जीवनशैली अपनाने तथा समाज को नशामुक्त बनाने में सक्रिय योगदान देने का आह्वान किया।



फतेहाबाद। नशा मुक्त भारत सप्ताह के अंतर्गत नशे के दुष्प्रभावों बारे जागरूक करते हुए स्वास्थ्य विभाग के कर्मी। फोटो :हरिभूमि

## सिरसा की बेटी नीतू का वायु सेना में चयन



**चोपटा।** भारतीय वायुसेना में एयरोनॉटिकल इंजीनियर इलेक्ट्रॉनिक्स शाखा में चयनित नीतू का सिरसा जिले के लुदेसर गांव पहुंचने पर ग्रामीणों ने स्वागत किया। नीतू अपने ननिहाल गांव लुदेसर से बचपन से जुड़ी रही हैं, जहां उनका बचपन बीता। उनकी इस उपलब्धि पर गांव के युवा और बुजुर्गों ने गर्व व्यक्त किया है। नीतू ने भारतीय वायुसेना में अधिकारी बनने का अपना सपना साकार किया है। उन्होंने एएफसीएटी-2025 परीक्षा, एसएसबी इंटरव्यू और पायलट एप्टीट्यूड टेस्ट सफलतापूर्वक उत्तीर्ण किए हैं। नीतू का पैतृक गांव राजस्थान का अनूपशहर है। उनके पिता सूबेदार वेद प्रकाश ने भारतीय सेना की प्रतिष्ठित 25 ग्रेनेडियर्स यूनिट में सेवाएं दी हैं। नीतू की प्रारंभिक शिक्षा दयानंद स्कूल, सिरसा और आर्मी पब्लिक स्कूल, श्रीगंगानगर से हुई। उन्होंने अपनी उच्च शिक्षा चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी से पूरी की। पढ़ाई के दौरान उन्होंने एनसीसी एयर विंग में सक्रिय भूमिका निभाई। वर्ष 2023 की गणतंत्र दिवस परेड दिल्ली में उन्होंने अपने डायरेक्ट्रेट का प्रतिनिधित्व किया। इस प्रतिष्ठित कैंप में उन्होंने बेस्ट कैडेट कैटेगरी में हिस्सा लिया और पूरे देश में शीर्ष 7 कैडेट्स में अपनी जगह बनाई। उनके परनाना सूबेदार भीम सिंह गोदारा मूल रूप से गांव लुदेसर, जिला सिरसा के निवासी थे। उन्होंने ब्रिटिश भारतीय सेना की राजपूताना राइफल्स में सेवा दी और द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान बर्मा मोर्चे पर बहादुरी से लड़ाई लड़ी। उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए उन्हें बर्मा स्टार सहित कई प्रतिष्ठित सैन्य पदकों से सम्मानित किया गया था। नीतू की यह उपलब्धि केवल उनके परिवार ही नहीं बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है।

## युवा देश व समाज की सबसे बड़ी ताकत: एसपी



**सिरसा।** सामाजिक संस्था वीर सुभाष चंद्र बोस फाउंडेशन व नामधारी गुरुद्वारा समिति के संयुक्त तत्वावधान में सतगुरु अर्जुन देव जी के शहीदी दिवस पर श्री जीवननगर स्थित नामधारी गुरुद्वारा परिसर में रक्तदान शिविर एवं नशामुक्ति जागरूकता कैंप आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिला पुलिस अधीक्षक दीपक सहारण मुख्यातिथि थे। युवाओं को मानव सेवा का संदेश देते हुए पुलिस अधीक्षक दीपक सहारण ने कहा कि नशा केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को ही नहीं, बल्कि परिवार और पूरे समाज को प्रभावित करता है। उन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग देने वाली सभी संस्थाओं, समाजसेवियों एवं ग्रामीणों का आभार व्यक्त किया। शिविर में क्षेत्रवासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और 51 लोगों ने रक्तदान कर मानव सेवा का परिचय दिया। इस दौरान आयोजकों ने रक्तदाताओं का उत्साह बढ़ाया और समाजहित के कार्यों में निरंतर सहयोग का आह्वान किया। कार्यक्रम को बेहतर बनाने में फाउंडेशन अध्यक्ष राजेश भिवाल, सरपंच बलजीत सिंह, मास्टर मनोज, सतपाल माधोसिंघाना, तरुण भारती, कपिल ग्रोवर, जोनो सोनी, लक्की सैनी, सुरेंद्र सिंह, जसपाल सिंह, कुलविंद्र सिंह बिंदर, मोहन सिंह, सूबा सिंह, गुरभेज सिंह, सविंद्र सिंह, बलकार सिंह बिंद्र, जसबीर सिंह, बलजीत सिंह और गुरमंगत सिंह सहित नामधारी समाज के प्रतिनिधि, समाजसेवी, ग्रामीण एवं अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## विद्यार्थियों को सम्मानित करेगी सैनी सभा ट्रस्ट

**सिरसा।** सैनी सभा ट्रस्ट सिरसा रजिस्टर्ड की एक बैठक सैनी सभा में हुई, जिसमें सर्वसम्मति से यह फैसला लिया गया कि सैनी समाज के मेधावी विद्यार्थी व प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को सम्मानित किया जाएगा। ट्रस्ट के अध्यक्ष नरेंद्र सैनी, सचिव अमीचंद सैनी और कोषाध्यक्ष विजय सैनी दहिया ने संयुक्त रूप से बताया कि इस 2025-26 सत्र में जिन विद्यार्थियों ने 10वीं और 12वीं कक्षा में 80 प्रतिशत या इससे अधिक अंक प्राप्त किए हैं, जिन्होंने किसी भी यूनिवर्सिटी से किसी भी विषय में रिसर्च की है और उन्होंने पीएचडी की उपाधि हासिल की है तथा जिन्होंने जिला स्तर, राज्य स्तर, राष्ट्रीय स्तर या अंतरराष्ट्रीय स्तर पर किसी भी खेल में भाग लिया है और पदक प्राप्त किया है, उन्हें सम्मानित किया जाएगा। अध्यक्ष नरेंद्र सैनी ने अपील की कि ऐसे सभी पात्र विद्यार्थी अपनी अंक तालिका एवं खेल प्रमाण-पत्र की प्रति प्रभात पैलेस में कोषाध्यक्ष विजय सैनी के पास या सैनी सभा ट्रस्ट के ऑफिस में 30 जून तक जमा करवाएं, ताकि उन्हें आगामी सम्मान समारोह में सम्मानित किया जा सके। मीटिंग में सभी पदाधिकारियों ने समस्त सैनी समाज की ओर से प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का समाज के गुरनाम सिंह सैनी को चेयरमैन भूमि सुधार व विकास निगम, रवि सैनी को चेयरमैन वन विकास निगम, भारती सैनी को सदस्य महिला आयोग की नियुक्ति पर आभार व्यक्त किया। इस मौके पर विजयपाल सैनी, विशाल सैनी, बृजलाल सैनी, तुलसीराम सैनी, साधुराम सैनी, गुरदीप सैनी, महेंद्र कुमार सैनी, ईश्वर सैनी, राजकुमार सैनी, बनवारी लाल सैनी, जसवंत सैनी, श्याम सुंदर सैनी, चुन्नीलाल सैनी, अशोक कुमार सैनी, कृष्ण सैनी, कुलदीप सैनी आदि रहे।

## राहुल गांधी के जन्मदिवस पर कार्यकर्ताओं ने अमृता पार्क में किया पौधरोपण, बांटे लड्डू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

कांग्रेस नेता राहुल गांधी का जन्मदिन जिलेभर में कार्यकर्ताओं ने विभिन्न प्रकार के सेवा कार्यों को करते हुए मनाया। कहीं रक्तदान तो कहीं गऊशालाओं में गौसेवा के प्रकल्प देखने को मिले। इसी कड़ी में जिला कांग्रेस कमेटी फतेहाबाद की ओर से फतेहाबाद शहर की अमृता देवी सिटीजन पार्क पौधारोपण अभियान चलाया गया तथा लड्डू बांटकर उनका जन्मदिन मनाया। विधायक बलवान सिंह दौलतपुरिया व जिलाध्यक्ष अरविन्द शर्मा ने कहा कि राहुल गांधी देश के युवाओं, किसानों और आमजन की आवाज बनकर निरंतर संघर्ष कर रहे हैं। उन्होंने हमेशा संविधान, लोकतंत्र और सामाजिक न्याय की मजबूती के लिए कार्य किया है। पर्यावरण संरक्षण आज समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है और प्रत्येक व्यक्ति को इसमें योगदान देना चाहिए। राहुल गांधी के विचार नई पीढ़ी को जनसेवा के लिए प्रेरित करते हैं।



फतेहाबाद। राहुल गांधी के जन्मदिवस पर पौधारोपण करते कांग्रेस नेता।

**ये रहे मौजूद**

कार्यक्रम के दौरान फतेहाबाद के विधायक बलवान सिंह दौलतपुरिया, जिलाध्यक्ष अरविन्द शर्मा, महासचिव श्याम सुंदर बंसल, महासचिव हरपाल बैनीवाल, दुष्यंत शर्मा, अश्वनी वर्मा, सन्नी खुराना, हरबंस मेहरा, राजेश गुर्जर, पवन शर्मा, पवन भूथन उपप्रधान सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**परेशानी** विभाग से कई बार शिकायत के बावजूद नहीं हुई सफाई, किसानों में रोष

# रामपुर माइनर में मिट्टी और खरपतवार से बाधित जल प्रवाह, टेल के किसानों को सिंचाई संकट

- किसान खुद ही ड्रॉप और कचरा निकालकर पानी टेल तक पहुंचाने का प्रयास कर रहे हैं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चोपटा

रामपुर माइनर में अत्यधिक मिट्टी, कचरा और खरपतवार जमा होने से नहर का जल प्रवाह प्रभावित हो रहा है, जिससे टेल क्षेत्र के किसानों को सिंचाई के पानी की भारी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। किसानों ने विभाग से जल्द सफाई करवाने की मांग की है। किसान रामलाल और ओम बिश्नोई ने बताया कि माइनर में जमा मिट्टी और कचरे के कारण पानी टेल तक नहीं पहुंच पा रहा है। उन्होंने कहा कि विभाग को कई बार शिकायत करने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई, जिसके चलते किसानों को खुद ही कुछ स्थानों से ड्रॉप और कचरा निकालकर पानी टेल तक पहुंचाने का प्रयास करना पड़ रहा है।

अब 2 दिन बाद माइनर में पानी बाराबंदी शुरू होने वाली हैं, लेकिन अभी तक सफाई नहीं करवाई गई । किसानों का कहना है कि खरीफ फसलों के लिए इस समय पर्याप्त सिंचाई बेहद जरूरी है, लेकिन माइनर की खराब स्थिति के कारण पानी अंतिम छोर तक नहीं पहुंच रहा। इससे फसलों के प्रभावित होने की आशंका बढ़ गई है और किसानों की चिंता लगातार बढ़ रही है। इस संबंध में सिंचाई विभाग के कनिष्ठ अभियंता विशाल ने बताया कि माइनर की सफाई के लिए 15 जून को टेंडर प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। जल्द ही सफाई कार्य शुरू करवाया जाएगा, जिससे जल प्रवाह सुचारू होगा और किसानों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा।



चोपटा। रामपुर माइनर में अत्यधिक मिट्टी, कचरा। फोटो : हरिभूमि

## खबर संक्षेप

### लायंस क्लब का रक्तदान शिविर 21 को

**रतिया।** लायंस क्लब रतिया टाउन द्वारा सर्वेश हेल्थ सिटी हिसार के सहयोग से 21 जून रविवार को टोहाना रोड स्थित लायंस भवन ने महा रक्तदान शिविर व निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। क्लब प्रधान कपिश गुप्ता ने बताया कि कैम्प के मुख्य अतिथि विधायक जरनैल सिंह होंगें तथा लायंस इंटरनेशनल जनपद 321 ए 3 के नवनिर्वाचित जनपद अध्यक्ष संजय गांधी विशिष्ट अतिथि होंगें। उन्होंने बताया कि आपातकालीन स्थिति के लिए क्लब द्वारा रक्तदान का आयोजन किया जा रहा ताकि जरूरत के समय रक्त उपलब्ध हो सके।

### तनेजा बने इनेलो के फतेहाबाद शहरी प्रधान

**फतेहाबाद।** इनेलो ने संगठन में विस्तार करते हुए फतेहाबाद शहर के शहरी प्रधान पद पर यशपाल तनेजा की नियुक्ति की है। प्रदेश अध्यक्ष रामपाल माजरा ने इस संबंध में नियुक्ति पत्र जारी किया। यशपाल तनेजा ने अपनी नियुक्ति पर इनेलो के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभय सिंह चौटाला, राष्ट्रीय संरक्षक प्रो. संपत सिंह, प्रदेशाध्यक्ष रामपाल माजरा, इनेलो प्रदेश सचिव बलविन्द्र कैरों, जिलाध्यक्ष बिकर सिंह हड़ोली, शहरी जिलाध्यक्ष हरबंस खन्ना, वरिष्ठ इनेलो नेता जगदीश झाझड़ा का आभार जताते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी दी गई है, उसे पूरी ईमानदारी और निष्ठा से निभाएंगे। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं को साथ लेकर संगठन को मजबूत करेंगे।

**एसआईआर : मतदाता सूची अपडेट अभियान ने पकड़ी रफ्तार, 57% से ज्यादा फार्म वितरित**

# 7.10 लाख मतदाताओं तक पहुंचने के लिए बीएलओ घर-घर कर रहे संपर्क

**14 जुलाई तक जमा होंगे प्रपत्र, राजनीतिक दलों के 1391 बीएलए भी कर रहे सहयोग**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

जिले में मतदाता सूची को अधिक शुद्ध और त्रुटिरहित बनाने के लिए चलाया जा रहा एसआईआर अभियान रफ्तार पकड़ने लगा है। 15 जून से शुरू हुए अभियान के तहत बूथ लेवल अधिकारी घर-घर पहुंचकर मतदाताओं को गणना प्रपत्र उपलब्ध करा रहे हैं। अब तक जिले में 57.51 प्रतिशत गणना फार्म वितरित किए जा चुके हैं। डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. विवेक भारती ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग ने 14 मई 2026 को देश के 16 राज्यों और तीन केंद्र शासित प्रदेशों में विशेष गहन पुनरीक्षण कराने के निर्देश जारी किए थे। इसी के तहत हरियाणा में 15 जून से गणना चरण शुरू किया गया है। उन्होंने कहा कि अभियान का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची से वंचित न रहे और कोई भी अपात्र व्यक्ति सूची में शामिल न हो। 18 वर्ष या उससे अधिक आयु का प्रत्येक पात्र भारतीय नागरिक मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने का अधिकार रखता है। जिला में गणना फार्म वितरण करने की रफ्तार से लगता है कि अगले सप्ताह यह काम शत प्रतिशत पूरा हो जाएगा।

### 14 जुलाई तक जमा किए जा सकेंगे गणना प्रपत्र

डीसी ने बताया कि जिन मतदाताओं के गणना प्रपत्र 14 जुलाई तक संबंधित निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी के पास पहुंच जाएंगे, उनके नाम प्रारंभिक मतदाता सूची में शामिल किए जाएंगे। इसके बाद भी यदि कोई मतदाता प्रपत्र जमा नहीं कर पाता है तो वह 21 जुलाई से 20 अगस्त तक दावे और आपत्तियों की अवधि में फॉर्म-6 और स्व-घोषणा पत्र के माध्यम से आवेदन कर सकेगा। घर-घर सर्वे के दौरान बीएलओ अपने साथ फॉर्म-6 और घोषणा पत्र भी लेकर चल रहे हैं, ताकि नए मतदाता मौके पर ही आवेदन कर सकें। अधिकतम कवरेज सुनिश्चित करने के लिए बीएलओ प्रपत्र वितरण के साथ-साथ उनका संग्रह और सत्यापन भी कर रहे हैं।

### राजनीतिक दलों के 1391 बीएलए भी कर रहे सहयोग

निर्वाचन आयोग ने राजनीतिक दलों के बूथ लेवल एजेंटों को भी प्रक्रिया में शामिल किया है। जिले में बीएलए-1 की संख्या 12 और बीएलए-2 की संख्या 1391 है। इनमें भाजपा के 684 और कांग्रेस के 707 बीएलए शामिल हैं। प्रत्येक बीएलए प्रतिदिन अधिकतम 50 गणना प्रपत्र एकत्र कर बीएलओ को सौंप सकता है।

### जिले के महत्वपूर्ण आंकड़े

| | |
|---|---|
| कुल पंजीकृत मतदाता | : 7,10,261 |
| कुल बीएलओ | : 708 |
| बीएलए-1 | : 12 |
| बीएलए-2 | : 1,391 |
| भाजपा के बीएलए | : 684 |
| कांग्रेस के बीएलए | : 707 |
| अब तक वितरित गणना प्रपत्र | : 57.51 प्रतिशत |
| गणना प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि | : 14 जुलाई |
| दावे और आपत्तियों की अवधि | : 21 जुलाई से 20 अगस्त |



### बीएलओ का सहयोग करें

विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान का उद्देश्य मतदाता सूची को अद्यतन और त्रुटिरहित बनाना है। सभी पात्र मतदाता इस प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी करें और बीएलओ को आवश्यक सहयोग प्रदान करें।
-डॉ. विवेक भारती, डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, फतेहाबाद

### एसआईआर ड्यूटी में टीचरों पर दबाव का विरोध

**सिरसा।** हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ ने गहन पुनः निरीक्षण कार्य के दौरान बीएलओ और टीचरों पर दबाव बनाने का विरोध किया है। संघ ने प्रशासन से कार्यप्रणाली में सुधार की मांग की है और चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया तो 25 जून को जिला स्तरीय धरना दिया जाएगा। संघ के राज्य वरिष्ठ उपप्रधान गुरमीत सिंह, राज्य सचिव कृष्ण कायत, जिला प्रधान वीर सिंह, उपप्रधान बूटा सिंह और जिला सचिव देवेंद्र कुमार ने कहा कि एसआईआर कार्य में बड़ी संख्या में अध्यापकों की ड्यूटी लगाई गई है, जिससे स्कूलों में शिक्षण व्यवस्था और विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। संघ नेताओं ने बताया कि नियमों के अनुसार गणना प्रपत्र भरने के लिए एक माह का समय निर्धारित है। हालांकि, अधिकारियों द्वारा यह कार्य चार-पांच दिन में ही पूरा करने का दबाव बनाया जा रहा है। कर्मचारियों से दिन में दो बार गूगल शीट के माध्यम से रिपोर्ट मांगी जा रही है, जिससे उन पर अतिरिक्त कार्यभार बढ़ गया है।

### एसडीएम ने फील्ड में पहुंचकर अभियान का लिया जायजा

**फतेहाबाद।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार चलाए जा रहे एसआईआर अभियान के तहत निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी एवं टोहाना के एसडीएम आकाश शर्मा ने शुक्रवार को गांव नाढोडी और सनियाना का दौरा कर अभियान की प्रगति का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने बीएलओ, सुपरवाइजर तथा नोडल अधिकारियों के साथ बैठक कर अब तक किए गए कार्यों की समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। एसडीएम ने बीएलओ, सुपरवाइजर एवं नोडल अधिकारियों से अब तक भरे गए गणना प्रपत्रों की जानकारी ली तथा अभियान की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिए कि अभियान के तहत शेष कार्य को भी निर्धारित समय सीमा के भीतर पूर्ण किया जाए, ताकि मतदाता सूची का पुनरीक्षण कार्य सुचारू एवं त्रुटिरहित ढंग से संपन्न हो सके। उन्होंने कहा कि यह एक समयबद्ध एवं महत्वपूर्ण कार्य है।

# भारतीय संस्कृति समृद्ध औरी वैज्ञानिकः डॉ. वर्मा



सिरसा। संजीव जैन अतिथियों को स्मृति चिहन भेंटकर सम्मानित करते हुए।

■ रेलवे पार्क में साप्ताहिक योग शिविर में भारतीय संस्कृति का महत्व बताया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

पाश्चात्य संस्कृति का अंधानुकरण करने की वजह से लोगों का जीवन कठिन हुआ है। भारत की प्राचीन संस्कृति बड़ी समृद्ध एवं वैज्ञानिक थी, जिसे विस्मृत कर दिया गया। यह बात महाराजा अग्रसेन प्राकृतिक चिकित्सालय के चिकित्सक डॉ. राजेंद्र वर्मा ने रेलवे पार्क में जारी साप्ताहिक योग शिविर के पांचवें दिन मुख्य वक्ता के रूप में व्यक्त किए। डॉ. राजेंद्र वर्मा बताया कि वर्तमान जीवन शैली की वजह से इंसान की नेगेटिव ऊर्जा डिस्चार्ज नहीं हो पा रही है, जिसकी वजह से इंसान सारा दिन मानसिक तनाव में रहता है, उसका व्यवहार चिड़चिड़ा होता जा रहा है। भारतीय संस्कृति में सुबह उठते ही धरती को छूने की परंपरा रही है, जिसका वैज्ञानिक कारण नेगेटिव ऊर्जा को डिस्चार्ज करना होता था।

### विदेशी कार्यकलाप कर रहे बीमार

उन्होंने कहा कि विदेशी तर्ज पर लोग शौच के लिए धड़ाधड़ वेस्टर्न कमोड का इस्तेमाल करने लगे है, जिससे पांव मुडना बंद हो जाता है और पेट की बीमारियां पनपती है। शौच के लिए भारतीय कमोड वैज्ञानिक दृष्टि से सेहत के लिए फायदेमंद है। प्राकृतिक चिकित्सा विधि के ज्ञाता डॉ. राजेंद्र वर्मा ने लोगों से चाय बंद करने की अपील की और इसे नुकसानदेह बताया। उन्होंने चाय की जगह पर हर्बल चाय, काढ़ा, गिलोय का इस्तेमाल करने की अपील की। योग शिविर के पांचवें दिन योगाचार्य नरेंद्र योगी ने घुटनों एवं जोड़ों के लिए अर्ध तितली, पूर्ण तितली, घुटना संचालन, जानु शिरासन, वज्रासन एवं अनुलोम-विलोम का अ यास करवाया। इस मौके पर महात्मा बुद्ध योग संस्थान के सचिव योग साधक गोपाल कायत, सदस्य मोनिका, प्रीति, मीत, राधेश्याम, महेंद्र शर्मा, राजू शर्मा के अलावा अन्य गण्यमान्यजन उपस्थित थे। शिविर के समापन पर श्रीमत सिटी सेंटर के निदेशक संजीव जैन एडवोकेट ने अतिथियों को स्मृति चिह्न भेंटकर सम्मानित किया।

**नीट परीक्षा के लिए जिला पुलिस पूरी तरह मुस्तैदः एसपी**

# परीक्षा केंद्रों के आसपास धारा 163 लागू फोटोस्टेट दुकानें और कोचिंग सेंटर रहेंगे बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

**सिरसा।** 21 जून को आयोजित होने वाली नीट 2026 पुनर्परीक्षा को लेकर सिरसा पुलिस प्रशासन ने व्यापक सुरक्षा प्रबंध किए हैं। इस सिलसिले में जिला पुलिस अधीक्षक दीपक सहारण ने बताया कि परीक्षा का निष्पक्ष, पारदर्शी और शांतिपूर्ण संचालन करवाना पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। एसपी सिरसा ने बताया कि सभी परीक्षा केंद्रों पर स्वच्छ वातावरण, पर्याप्त वेंटिलेशन, पेयजल, बिजली तथा अभ्यर्थियों के बैठने की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या अनुचित गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने बताया कि भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 के तहत परीक्षा केंद्रों के आसपास विशेष प्रतिबंध लागू किए गए हैं। आदेशों के अनुसार परीक्षा केंद्रों के 200 मीटर दायरे में अनावश्यक व्यक्तियों का पूर्ण प्रतिबंधित रहेगा। बिना अधिकृत पहचान पत्र के किसी भी व्यक्ति को परीक्षा केंद्र में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। वहीं परीक्षा केंद्रों के 500 मीटर क्षेत्र में फोटोस्टेट दुकानों एवं कोचिंग संस्थानों के संचालन पर भी रोक रहेगी। इसके अलावा प्रेस एवं मीडिया कर्मियों के प्रवेश पर प्रतिबंध रहेगा। परीक्षा केंद्रों के 200 मीटर दायरे में वाहनों की पार्किंग नहीं की जा सकेगी। वाई-फाई उपकरण, मोबाइल फोन, अन्य संचार साधनों तथा लाउडस्पीकर के उपयोग पर भी रोक रहेगी।



एसपी दीपक सहारण।



सिरसा। रानियां थाना प्रभारी पार्षदों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक में चर्चा करते हुए।

### पार्षदों संग बैठक कर नशे के खिलाफ एकजुट होने का किया आह्वान

**सिरसा।** रानियां थाना प्रभारी सब इंस्पेक्टर सुखबीर सिंह ने पार्षदों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित कर क्षेत्र में बढ़ती नशे की समस्या पर चर्चा की। बैठक में नशे को जड़ से समाप्त करने के लिए जनसहयोग और पुलिस-प्रशासन के बीच बेहतर समन्वय पर जोर दिया गया। थाना प्रभारी सुखबीर सिंह ने कहा कि नशा आज समाज के लिए एक गंभीर चिंता का विषय बन चुका है। इसकी वजह से युवा पीढ़ी गलत राह पर जा रही है और परिवारों का भविष्य भी प्रभावित हो रहा है। उन्होंने कहा कि यदि हमें नशा मुक्त और स्वस्थ समाज का निर्माण करना है तो केवल पुलिस के भरोसे काम नहीं चलेगा, बल्कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति को अपनी जिम्मेदारी निभानी होगी। उन्होंने पार्षदों से अपील करते हुए कहा कि अपने-अपने वार्डों और क्षेत्रों में सतर्क निगरानी रखें।

# विद्यार्थियों को माता-पिता व शिक्षक का सम्मान करना चाहिएः कमल दीदी

■ प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की पाठशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ओढां

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की शाखा ओढ़ां पाठशाला में आयोजित तीन दिवसीय समर कैंप का समापन हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ।शुक्रवार की शुरुआत शारीरिक एक्सरसाइज के द्वारा करवाई गई। उसके पश्चात बीके कमल दीदी ने ओम की ध्वनि करवा कर मेडिटेशन की अनुभूति करवाई। उन्होंने बताया कि माता-पिता, टीचर और बड़ों का आदर करना चाहिए। उन्होंने बच्चों को आलस्य छोडक़र एक्टिव बनने की प्रेरणा दी। अपना काम समय पर पूरा करें और उसे पेंडिंग नहीं छोडऩा चाहिए। उसके पश्चात बीके मनीषा बहन ने एक्टिविटी के माध्यम से एकाग्रता की शक्ति को बढ़ाने का अभ्यास करवाया और ब्रेन की शक्ति को बढ़ाने के लिए ब्रेन गेम करवाई गई। इसके बाद बीके मनोज बहन ने बच्चों को प्रत्येक रविवार को आश्रम पर आने का निमंत्रण दिया।



ओढ़ा। पाठशाला में आयोजित समर कैम्प में बच्चों से संवाद करती ब्रह्मकुमारीज।



फतेहाबाद। एमएम कॉलेज में आयोजित सेमिनार में उपस्थित नागरिक।

### योग दिवस : फतेहाबाद में सांसद संजय भाटिया रतिया में विधायक जरनैल सिंह होंगे मुख्य अतिथि

**फतेहाबाद।** 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में आयुष विभाग द्वारा एमएम कॉलेज में एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. प्रवीण शर्मा ने कहा कि योग को जीवन में अपनाकर हम केवल दीर्घायु ही नहीं, अपितु सुखायु प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि 20 जून को एमएम कॉलेज में ही सुबह 6 बजे योग दिवस की पायलट रिहर्सल आयोजित की जाएगी। इसके अलावा 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का मुख्य कार्यक्रम आयोजित होगा जिसमें राज्यसभा सांसद संजय भाटिया मुख्यातिथि होंगे। इस दौरान पूर्व मंत्री देवेंद्र सिंह बबली, पूर्व विधायक दुड़ाराम व लक्ष्मण नापा, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण जोड़ा भी मौजूद रहेंगे। उपमंडल टोहाना के योग दिवस कार्यक्रम में नलवा विधायक रणधीर पनिहार मुख्य अतिथि होंगे।

# कॉलेजों में अब 30 तक होंगे दाखिले

■ भूना कॉलेज में नए शिक्षकों की हुई नियुक्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भूना

राजकीय महाविद्यालय भूना में यूजी पाठ्यक्रमों में प्रवेश लेने के इच्छुक विद्यार्थियों के लिए राहत भरी खबर है। उच्च शिक्षा विभाग ने दाखिले की अंतिम तिथि बढ़ाकर 30 जून कर दी है। महाविद्यालय प्रशासन ने ऐसे छात्र-छात्राओं से समय रहते आवेदन करने की अपील की है, जो किसी कारणवश अब तक ऑनलाइन आवेदन नहीं कर पाए हैं। महाविद्यालय में इस सत्र के लिए बीए में 320 सीटें, बीकॉम में 80 सीटें और बीएससी नॉन-मेडिकल में 80 सीटें निर्धारित हैं। प्रवेश प्रक्रिया के प्रति विद्यार्थियों का उत्साह भी देखने को मिल रहा है। अब तक बीए के लिए 480 आवेदन, बीकॉम के लिए 81 आवेदन तथा बीएससी नॉन-मेडिकल के लिए 51 आवेदन प्राप्त हो चुके हैं। बीए और बीकॉम में सीटों के मुकाबले अधिक आवेदन आने से प्रतिस्पर्धा बढऩे की संभावना है।



भूना। राजकीय महाविद्यालय भवन। फोटो : हरिभूमि

### पदभार संभाला

इधर, विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में महाविद्यालय को नए शिक्षकों की सौगात भी मिली है। विभिन्न विषयों में लंबे समय से बनी स्टाफ की कमी को दूर करते हुए कई शिक्षकों ने हाल ही में अपना पदभार संभाला है। शारीरिक शिक्षा विभाग में गुरपिंदर सिंह, रसायन विज्ञान विभाग में जतिन, हिंदी विभाग में डॉ. आत्मा राम, राजनीति विज्ञान विभाग में विकास कुमार, जबकि भूगोल विभाग में डॉ. मोईन खान, श्रवण और दीपिका ने अपनी सेवाएं शुरू की हैं। प्रधानाचार्य सुरेंद्र कुमार ज्यानी का मानना है कि नए शिक्षकों के आने से विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, बेहतर शैक्षणिक मार्गदर्शन और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में सहायता मिलेगी।

# मरीजों के लिए निःशुल्क बेड व व्हीलचेयर सेवा का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

समाज सेवा की भावना को आगे बढ़ाते हुए शहर में जरूरतमंद, असहाय और रोगी व्यक्तियों के लिए निःशुल्क अस्पताल बेड और व्हीलचेयर उपलब्ध कराने की एक सराहनीय पहल शुरू की गई है। इस सेवा के तहत कोई भी जरूरतमंद परिवार बिना किसी किराए या शुल्क के अस्पताल वाला विशेष बेड और व्हीलचेयर प्राप्त कर सकेगा। मरीजों को यह सुविधा तब तक मिलेगी जब तक उन्हें इसकी जरूरत होगी। आवश्यकता पूरी होने के बाद इन उपकरणों को वापस करना होगा, ताकि अन्य जरूरतमंद लोग भी इसका लाभ उठा सकें। इस सेवा के अंतर्गत मरीजों के लिए विशेष एडजस्टेबल अस्पताल बेड उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे गंभीर रूप से बीमार व्यक्ति को घर पर ही आराम और बेहतर देखभाल मिल सके। इसके साथ ही, चलने-फिरने में पूरी तरह असमर्थ और बुजुर्ग लोगों के लिए व्हीलचेयर की सुविधा भी दी जा रही है। सेवा संचालकों ने आम जनता से अपील की है कि यदि उनके आसपास कोई ऐसा व्यक्ति है तो उन्हें इस सुविधा के बारे में जानकारी अवश्य दें।



गुरदीप सिंह बग्गा।

### स्नातकोत्तर, व्यवसायिक, तकनीकी विषयों में प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रित

**सिरसा।** चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए विभिन्न स्नातकोत्तर, व्यावसायिक, तकनीकी एवं डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए हैं। विश्वविद्यालय प्रशासन ने विद्यार्थियों से समय रहते आवेदन करने का आह्वान किया है। ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया बीती 18 जून से प्रारंभ हो चुकी है तथा आवेदन जमा करवाने की अंतिम तिथि 15 जुलाई निर्धारित की गई है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. विजय कुमार ने कहा कि चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, आधुनिक शोध सुविधाएं तथा रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रम उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत है। विश्वविद्यालय में संचालित विभिन्न कार्यक्रम विद्यार्थियों को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 9315429403, 8291554800, 7988727916

**दिव्या योग मंदिर में शहर भर से आए साधकों ने किया योगाभ्यास**

# योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि जीवन जीने की पद्धति : अंबिका

*मंदिर में 21 तक चलेगा शिविर, शुक्रवार को सैकड़ों साधकों ने किया योग*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

दिव्या योग मंदिर के योग अभ्यास केंद्र में तीन दिवसीय 19 से 21 जून तक योग शिविर का विधिवत शुभारंभ हुआ, जिसका मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों को योग के माध्यम से निरोगी बनाना और उन्हें योग की प्राचीन पद्धति से जोडऩा है। शिविर में जिला योग विशेषज्ञ अंबिका पांटा ने उपस्थित साधकों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करते हुए दैनिक जीवन में योग की अपरिहार्यता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि जीवन जीने की एक पद्धति है जो तन और मन को पूर्णतः स्वस्थ रखती है। उद्घाटन सत्र के दौरान उन्होंने उपस्थित प्रतिभागियों को योग का अभ्यास करवाया और नियमित योग से होने वाले लाभों के बारे में विस्तार से समझाया।



फतेहाबाद। योग अभ्यास केंद्र में योगाभ्यास करते हुए नागरिक। फोटो : हरिभूमि

### प्राणायामों का सूक्ष्मता से अभ्यास कराया

शिविर के पहले दिन की गतिविधियों में योगाचार्य करमचंद सरदाना और महिला योगाचार्य सुमन चावला ने विभिन्न आसनों और प्राणायामों का सूक्ष्मता से अभ्यास कराया। आयोजकों ने बताया कि यह शिविर 21 जून तक जारी रहेगा। उन्होंने क्षेत्र के अधिक से अधिक लोगों को इस शिविर से जुड़ने का आह्वान किया ताकि वे योग की महत्ता को समझकर स्वस्थ समाज का निर्माण कर सकें। कार्यक्रम की अध्यक्षता योग अभ्यास केन्द्र के प्रधान राजीव बत्रा द्वारा की गई। इस अवसर पर कोषाध्यक्ष धर्मपाल चावला, राजेंद्र गर्ग, रविंद्र कुमार काजला, संतलाल नारंग, रमेश गढ़वाल, जगदीश जांगड़ा, करण सिंह कूकना, ओमप्रकाश कक्कड़, आकाश महेश्वरी, विद्याधर, बहादुर सिंह, आत्माराम मल्होत्रा, पुष्पा सरदाना, शकुंतला सचदेवा, मोहन गढ़वाल सरपंच, चंद शर्मा व विजेंद्र सेक्रेटरी, कपिल सरदाना सहित अनेक योग साधकों ने योगाभ्यास किया।